**Department of Hindi**
**St. Bede's College,**
**Shimla**

## हिंदी विभाग - बैठक 2021 – 22

**प्रथम बैठक :** 31 अगस्त 2021

**उपस्थित :** डॉ देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

**समय :** 30 मिनट

**कार्यसूची :**

- समय-सारिणी के विषय में चर्चा
- अध्यापन हेतु विषय-निर्धारण
- ऑनलाइन अध्यापन के लिए अभिविन्यास
- रजिस्टर पर कुछ विशेष चर्चा

प्रथम बैठक सत्र के 31 अगस्त 2021 को हुई, जिसके दौरान कक्षाओं के निमित्त समय-सारिणी तथा अध्यापन हेतु प्राध्यापिकाओं के बीच विषयों का निर्धारण किया गया। साथ ही ऑनलाइन अध्यापन के विषय में डॉ देविना अक्षयवर ने सुश्री अंजना देवी को एमएस. टीम्स के बारे में विशेष जानकारी दी और उनका अभिविन्यास किया। रजिस्टर एवं छात्राओं की उपस्थिति दर्ज़ करने सम्बन्धी विषय पर भी चर्चा की गयी।

अगली बैठक 6 सितम्बर 2021 को तय की गयी।

**प्रथम बैठक के कार्यवृत्त:**

1. यह निर्धारित किया गया कि डॉ देविना एवं सुश्री अंजना देवी, दोनों बी. ए. हिंदी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं को पढ़ाएँगी।
2. डॉ देविना बीकॉम की प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं को तथा सुश्री अंजना देवी बी.ए. के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं को 'अनिवार्य हिंदी' विषय पढ़ाएँगी।
3. सुश्री अंजना देवी ने ऑनलाइन अध्यापन के बारे में सीखा।

4. छात्राओं की उपस्थिति दर्ज़ करने के लिए रजिस्टर तैयार किये गए।

**द्वितीय बैठक : 6 सितम्बर 2021**

**उपस्थित :** डॉ संगीता शर्मा

डॉ देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

**समय :** 30 मिनट

**कार्यसूची :**

- हिंदी सप्ताह एवं हिंदी दिवस के अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए गतिविधियों का आयोजन
- हिंदी से इतर विभागों के सहयोग और प्रतिभागिता पर विशेष चर्चा
- हिंदी दिवस पर ऐतिहासिक घटना के आधार पर भारत के स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में 'झाँसी की रानी' कविता के उल्लेखनीय अंशों की गायन-प्रस्तुति

द्वितीय बैठक 6 सितम्बर 2021 को हुई, जिसके दौरान हिंदी सप्ताह एवं 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर विचार-विमर्श हुआ। हिंदी सप्ताह (7 - 14) के बीच प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा नारा-लेखन प्रतियोगिता में, द्वितीय वर्ष की छात्राओं को कविता रचना एवं पाठ (वेबिनार के रूप में) प्रतियोगिता में, तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं को लघु-कथा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित करने की योजना बनायी गयी। साथ ही महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों और नॉन -टीचिंग स्टाफ के भी निमित्त हिंदी में कथा-लेखन गतिविधि आयोजित करने का निर्णय लिया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग के अलावा अन्य विभागों को भी आयोजन में सम्मिलित करने पर विचार किया गया, जहाँ संगीत विभाग से विशेष सहयोग लेने पर विचार किया गया। हिंदी दिवस पर हिंदी की सुप्रसिद्ध कवयित्री, सुभद्रा कुमारी चौहान की कालजयी कविता 'झाँसी की रानी' के महत्वपूर्ण अंशों को गीत के रूप में प्रस्तुत करने की योजना बनायी गयी , जिसके लिए हिंदी के अतिरिक्त, संगीत विभाग, इतिहास विभाग, राजनीतिशास्त्र विभाग और भूगोल विभाग की छात्राओं को प्रतिभागिता के लिए चयनित करने पर विचार किया गया। इन समस्त गतिविधियों के आयोजन के लिए प्राचार्या से अनुमति ली गयी।

Department of Hindi
St. Bede's College,
Shimla

**द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त :**

1. डॉ देविना अक्षयवर हिंदी दिवस समारोह में बीज वक्तव्य देंगी तथा कार्यक्रम का संचालन करेंगी।
2. सुश्री अंजना देवी हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सभी प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं के नाम घोषित करेंगी तथा धन्यवाद - ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन करेंगी।
3. गीत प्रस्तुति में विशेषकर संगीत विभाग की प्राध्यापिका, डॉ संगीता शर्मा और उनकी छात्राओं से सहयोग लिया जाएगा।
4. हिंदी दिवस के कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार वाट्साप, ईमेल तथा फेसबुक जैसे डिजिटल माध्यमों द्वारा किया जाएगा।

**तृतीय बैठक : 14 सितम्बर 2021**

**उपस्थित :** डॉ देविना अक्षयवर
सुश्री अंजना देवी

**समय :** 15 मिनट

**कार्यसूची :**

- हिंदी दिवस के आयोजन की प्रेस रिपोर्ट
- महाविद्यालय तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वेबसाइट के लिए फोटो सहित रिपोर्ट
- सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं के नामों की सूची तैयार करना
- 

तृतीय बैठक 14 सितम्बर 2021 को हुई, जिसके दौरान हिंदी दिवस के सफल आयोजन की प्रेस रिपोर्ट तैयार करने तथा प्रदेश के सभी हिंदी एवं अंग्रेज़ी अखबारों में भेजने पर विचार किया गया। साथ ही सेंट बीड्स कॉलेज एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर भेजने हेतु फोटो सहित रिपोर्ट तैयार करने पर चर्चा हुई। यह भी तय हुआ कि इस गतिविधि की रिपोर्ट 'आज़ादी का अमृत' महोत्सव की दृष्टि से भी तैयार की जाएगी। हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाली

छात्राओं एवं विजेताओं के नाम की सूची भी तैयार की गयी, जिन्हें महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव के दिन सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

**तृत्तीय बैठक का कार्यवृत्त :**

1. सुश्री अंजना देवी ने हिंदी दिवस की रिपोर्ट तैयार की तथा डॉ. देविना अक्षयवर ने रिपोर्ट की आवृत्ति की।
2. रिपोर्ट को प्रेस और महाविद्यालय के वेबसाइट पर भेजा गया।
3. प्रतिभागी छात्राओं एवं विजेताओं के नाम की सूची तैयार की गयी।

**चतुर्थ बैठक : 15 सितम्बर 2021**

**उपस्थित :** डॉ देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

**समय :** 15 मिनट

**कार्यसूची :**

- आज़ादी का अमृत महोत्सव 2021-23 के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग की ओर से गतिविधि का आयोजन
- बी.ए. तथा बीकॉम. द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए विशेष गतिविधि
- चतुर्थ बैठक में डॉ देविना अक्षयवर तथा सुश्री अंजना देवी ने 'आज़ादी का अमृत महोत्सव 2021-23 ' के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग की ओर से एक गतिविधि आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया। दोनों प्राध्यापिकाओं की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि इस अवसर पर बी.ए. तथा बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्राओं के निमित 'एक छात्र की दृष्टि में आज़ादी का महत्व' शीर्षक पर एक लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए । यह तय किया गया कि

छात्राओं को उपरोक्त शीर्षक पर लगभग 500 शब्दों में अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया जाए तथा विजेता छात्राओं को महाविद्यालय के वार्षिक दिवस पर पुरस्कृत किया जाए।

**चतुर्थ बैठक बैठक का कार्यवृत्त**

- प्रतियोगिता 13-22 सितम्बर के बीच आयोजित की जाएगी।
- डॉ देविना ने छात्राओं को प्रतियोगिता के बारे में अवगत कराया।
- यह निर्णय लिया गया कि डॉ देविना सुश्री अंजना की छात्राओं की प्रविष्टियों को अंकित करेंगी तथा सुश्री अनजना डॉ देविना की छात्राओं की प्रविष्टियां अंकित करेंगी।

**पांचवीं बैठक : 30 सितम्बर 2021**

**उपस्थित :** डॉ देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

**समय :** 15 मिनट

**कार्यसूची :**

- एन. ए. ए. सी. (नाक) की मांगों के अनुसार सभी कार्यों की रिपोर्ट तैयार करना
- निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत सभी कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य

पांचवीं बैठक 30 सितम्बर को हुई, जिसके दौरान एन ए ए सी (नाक) की सभी मांगों के निमित्त सभी कार्यों को 15 अक्टूबर 2021 तक पूरा करने की योजना बनायी गयी। योजना के तहत निम्न बिंदुओं पर विचार किया गया -

- हिंदी विभाग के अकादमिक कलेण्डर की तैयारी
- वर्ष 2016 से अभी तक के पाठ्यक्रम की कार्य-योजना
- उन छात्राओं के नामों की सूची जो कक्षा में विषय से संबंधित समस्याओं का सामना करती हैं, उनके निदान के लिए अतिरिक्त ली गयीं कक्षाओं की रिपोर्ट
- पाठ को शीघ्र ग्रहण करने वाली छात्राओं एवं कक्षा की प्रतिनिधि छात्राओं के नामों की सूची
- छात्राओं के साथ प्रथम कक्षा/अंतःक्रिया, पाठ्यक्रम तथा विषय के बारे में विशेष जानकारी

- हिंदी विभाग की ओर से आयोजित गतिविधियों की रिपोर्ट
- टेस्ट एवं गृह कार्य के रूप में छात्राओं को दिए गए विषय की रिपोर्ट
- हिंदी विभाग की समय-सारिणी
- नैतिक मूल्यों पर किसी विशेष मॉड्यूल पर रिपोर्ट
- आई सी टी साधनों के प्रयोग से ली गयी कक्षाओं की रिपोर्ट
- प्राध्यापिकाओं की अकादमिक प्रोफ़ाइल का रिकॉर्ड

**पांचवीं बैठक का कार्यवृत्त :**

- डॉ देविना अक्षयवर ने सभी बैठकों की रिपोर्ट बनायी
- डॉ देविना अक्षयवर ने विभाग की समय-सारिणी बनायी
- डॉ देविना अक्षयवर ने नैतिक मूल्यों पर विशेष विषयों का विवरण तैयार किया
- डॉ देविना अक्षयवर ने वर्ष 2016 -17 तथा 2018 -19 तक के बी. ए. के हिंदी पाठ्यक्रमों के आधार पर योजनाएँ बनायीं।
- सुश्री अंजना देवी ने विभाग का अकादमिक कैलेंडर तैयार किया
- सुश्री अंजना देवी ने विभाग द्वारा आयोजित सभी गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार की
- सुश्री अनजाना देवी ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं के निमित्त टेस्ट पेपर व गृह कार्य के विषयों की सूची बनायी
- सुश्री अनजाना देवी ने पाठ को शीघ्र ग्रहण करने वाली छात्राओं तथा प्रतिनिधि छात्राओं के नामों की सूची रिपोर्ट के साथ तैयार की।
- डॉ देविना अक्षयवर तथा सुश्री अंजना देवी ने अपनी-अपनी कक्षाओं में पाठ को ग्रहण करने में कठिनाई का सामना करने वाली छात्राओं के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया जिसके तहत उनकी शंकाओं और प्रश्नों को सम्बोधित किया गया, उसकी रिपोर्ट तैयार की।

- डॉ देविना अक्षयवर तथा सुश्री अंजना देवी ने अपनी प्रथम कक्षाओं में छात्राओं के साथ किस प्रकार विषय के बारे में अन्तः-क्रिया की और उनसे विषय का परिचय कराया, उसकी रिपोर्ट दोनों प्राध्यापिकाओं ने बनायी।
- डॉ देविना तथा सुश्री अनजना देवी ने अपनी प्रथम व द्विवितीय वर्ष की छात्राओं के साथ आई. सी. टी. उपकरणों की सहायता लेते हुए कक्षाएं कीं और उसकी रिपोर्ट तैयार की।

**छठीं बैठक**: 5 अक्टूबर 2021

**उपस्थित**: डॉ देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

**समय**: 15 मिनट

**कार्यसूची**:

- टेस्ट तथा गृह कार्य / असाइनमेंट सम्बन्धी विषय निर्धारण
- कार्य को पूरा करने के लिए समय-सीमा का निर्धारण
- लघु परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र की रूपरेखा

- पाठ्यक्रम की इकाइयों पर आधारित प्रश्न पत्र

छठीं बैठक 5 अक्टूबर 2021 को हुई, जिसके दौरान छात्राओं के निमित्त क्लास टेस्ट तथा गृह कार्य के रूप में किसी एक विषय पर असाइनमेंट देने पर विचार किया गया। क्लास टेस्ट तथा असाइनमेंट, दोनों ही 5-5 अंकों पर आधारित होंगे। यह चर्चा की गयी कि दोनों प्राध्यापिकाएँ अपनी छात्राओं को पढ़ाए गए विषयों पर ही आधारित क्लास टेस्ट देंगी, तथा असाइनमेंट ऐसे विषय पर दिया जाए जो उनको मूल पाठ को आत्मसात करने में सहायक हो। जैसे यदि 'रचना पुंज' के अंतर्गत उन्हें कविताओं और कहानियों की सप्रसंग व्याख्या करनी है, तो 'विशेष' में शब्द- भंडार के अंतर्गत, 'तत्सम' व 'तद्भव' शब्द का अर्थ क्या है, रस, अलंकार, छंद की परिभाषा तथा उनके प्रकार पर वे शोध करें यह भी निर्णय लिया गया कि असाइनमेंट को पूरा करने के लिए छात्राओं को 15 दिनों का समय दिया जाए। साथ ही दिसंबर में आयोजित होने वाली लघु परीक्षा के विषय में भी चर्चा की गयी। लघु परीक्षा के लिए प्रश्न पत्रों की रूपरेखा तथा पाठ्यक्रम के उन अंशों व इकाइयों पर प्रश्न आधारित रखने का निर्णय लिया गया जो कक्षा में पढ़ाए गए हों।

**छठीं बैठक का कार्यवृत्त :**

- डॉ देविना तथा सुश्री अंजना ने अपनी कक्षाओं के पाठानुसार क्लास टेस्ट तथा असाइनमेंट के लिए प्रश्न तैयार किये।

**सातवीं बैठक 18 फ़रवरी 2022**

**उपस्थित :** डॉ देविना अक्षयवर [signature]

सुश्री अंजना देवी [signature: Anjna]

**समय :** 15 मिनट

**कार्यसूची :**

- अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2022 के उपलक्ष्य में गतिविधि का आयोजन
- विषय चयन

**Department of Hindi**
**St. Bede's College,**
**Shimla**

सातवीं बैठक में 21 फ़रवरी 2022 को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाए जाने के उपलक्ष्य में डॉ देविना अक्षयवर तथा सुश्री अंजना देवी के बीच हिंदी विभाग की ओर से एक गतिविधि आयोजित करने पर विचार-विमर्श हुआ इसके तहत मातृभाषा के महत्त्व को छात्राओं के सृजनात्मक कौशल के माध्यम से रेखांकित करने के उद्देश्य से 21 फ़रवरी 2022 को 'मातृभाषा का महत्त्व' शीर्षक पर बी.ए. तथा बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्राओं को एक लेख प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

**सातवीं बैठक का कार्यवृत्त :**

- लेख लगभग 500 शब्दों का होना चाहिए।
- प्रतियोगी को अपनी प्रविष्टि हार्डकॉपी में 21 फ़रवरी 2022 को अपराह्न 2 बजे हिंदी विभाग में जमा करना है।
- इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रतिभागियों की प्रविष्टियों को दोनों प्राध्यापिकाएँ मिलकर अंकित करेंगी।

**आठवीं बैठक 22 फ़रवरी 2022**

**उपस्थित :** डॉ देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

**समय :** 15 मिनट

**कार्यसूची :**

- अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 के उपलक्ष्य में गतिविधि का आयोजन
- विषय चयन

आठवीं बैठक में डॉ देविना अक्षयवर तथा सुश्री अंजना देवी ने 8 मार्च 2022 को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग की ओर से एक गतिविधि आयोजित करने की योजना बनायी। इस सन्दर्भ में 8 मार्च 2022 को बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक फिल्म की स्क्रीनिंग कराने तथा तत्पश्चात उसकी समीक्षा लेखन प्रतियोगिता में उन्हें भाग लेने

के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। फ़िल्म स्त्री विमर्श पर आधारित हो, इस दृष्टि से 'गंगूबाई काठियावाड़ी' फ़िल्म का चयन किया गया। दोनों प्राध्यापिकाओं की सहमति से यह तय किया गया कि फ़िल्म के कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों को सामूहिक रूप में दर्शाया जाएगा, उसके बाद छात्राओं को उसकी समीक्षा लिखने को कहा जाएगा। छात्राओं को समीक्षा लिखने के लिए 30 मिनट का समय दिया जाएगा। इसके बाद प्रतियोगियों द्वारा प्राप्त प्रविष्टियों को दोनों प्राध्यापिकाएँ मिलकर अंकित करेंगी।

**आठवीं बैठक का कार्यवृत्त :**

- फ़िल्म स्क्रीनिंग के लिए फ़िल्म का चयन किया गया जिसपर दोनों प्राध्यापिकाओं की सहमति रही।
- 9 मार्च को इस गतिविधि का आयोजन महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में होगा।
- प्रविष्टियों का अंकन दोनों प्राध्यापिकाओं द्वारा किया जाएगा।

**नौवीं बैठक 22 फ़रवरी 2022**

**उपस्थित :** डॉ देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी Anjna

**समय :** 15 मिनट

**कार्यसूची :**

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2022 के उपलक्ष्य में गतिविधि का आयोजन
- विषय चयन

नौवीं बैठक में डॉ देविना अक्षयवर तथा सुश्री अंजना देवी ने 8 मार्च 2022 को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग की ओर से एक गतिविधि आयोजित करने की योजना बनायी। इस सन्दर्भ में 8 मार्च 2022 को बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक फिल्म की स्क्रीनिंग कराने तथा तत्पश्चात उसकी समीक्षा लेखन प्रतियोगिता में उन्हें भाग लेने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। फ़िल्म स्त्री विमर्श पर आधारित हो, इस दृष्टि से फ़िल्म का चयन किया गया। दोनों प्राध्यापिकाओं की सहमति से यह तय किया गया कि फ़िल्म के कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों को सामूहिक रूप में दर्शाया जाएगा, उसके बाद छात्राओं को उसकी समीक्षा लिखने को कहा जाएगा। छात्राओं को समीक्षा लिखने के लिए 30 मिनट का समय दिया जाएगा। इसके बाद प्रतियोगियों द्वारा प्राप्त प्रविष्टियों को दोनों प्राध्यापिकाएँ मिलकर अंकित करेंगी।

**नौवीं बैठक का कार्यवृत्त :**

- फिल्म स्क्रीनिंग के लिए फिल्म का चयन किया गया जिसपर दोनों प्राध्यापिकाओं की सहमति रही।
- 9 मार्च को इस गतिविधि का आयोजन महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में होगा।
- प्रविष्टियों का अंकन दोनों प्राध्यापिकाओं द्वारा किया जाएगा।

डॉ देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

दसवीं **बैठक** 10. 03 .22

**उपस्थित :**

डॉ देविना अक्षयवर

श्री मोहित (विभागाध्यक्ष - मनोविज्ञान विभाग)

सुश्री अंजना देवी

सुश्री जागृति (मनोविज्ञान विभाग)

**समय** : 25 मिनट

**कार्यसूची :**

- मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से हिंदी विभाग की ओर से एक अंतर्विभागीय संगोष्ठी का आयोजन
- विषय - चयन - 'आधुनिक कहानियों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण'
- प्रतिभागिता - हिंदी तथा मनोविज्ञान की छात्राओं का सहयोग
- प्राध्यापकों की सहभागिता

दसवीं बैठक 23.02.22 को मनोविज्ञान विभाग में हुई। इस बैठक में हिंदी तथा मनोविज्ञान विभाग के बीच एक अंतर्विभागीय संगोष्ठी आयोजित करने की योजना बनायी गयी। विषय के चयन के सन्दर्भ में दोनों विभागों के प्राध्यापकों के आपसी विचार-विमर्श के बाद यह तय किया गया कि चूंकि हिंदी की द्वितीय वर्ष की छात्राओं के पाठ्यक्रम में आधुनिक हिंदी कहानियाँ निर्धारित हैं, इसलिए संगोष्ठी का विषय - आधुनिक हिंदी कहानियों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण' रखा जाए। यह भी तय हुआ कि हिंदी की छात्राएँ कहानियों का पाठ करके आएँगी तथा उनमें से कुछ कहानियों का सार प्रस्तुत करेंगी, जिसके बाद मनोविज्ञान की छात्राएँ बारी-बारी से एक -एक कहानी का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करके सभी का ज्ञानवर्धन करेंगी।

**दसवीं बैठक का कार्यवृत्त :**

- डॉ देविना तथा श्री मोहित ने संगोष्ठी की तिथि 12 मार्च 2022 को निर्धारित की।
- सभी प्राध्यापकों ने समय पर अपनी छात्राओं को इस गतिविधि के बारे में सूचित करने का निर्णय लिया।

डॉ देविना अक्षयवर

श्री मोहित (विभागाध्यक्ष - मनोविज्ञान विभाग)
सुश्री अंजना देवी
सुश्री जागृति (मनोविज्ञान विभाग)

**ग्यारहवीं बैठक** 10. 03 .22

**उपस्थित :** डॉ देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

**Department of Hindi**
**St. Bede's College,**
**Shimla**

**समय**: 25 मिनट

**कार्यसूची**:

- मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से हिंदी विभाग की ओर से एक अंतर्विभागीय संगोष्ठी का आयोजन
- विषय - आधुनिक कहानियों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण'
- प्रतिभागिता - हिंदी तथा मनोविज्ञान की छात्राओं का सहयोग
- दोनों प्राध्यापिकाओं की भूमिका

ग्यारहवीं बैठक 10.03.2022 को हुई जिसके दौरान डॉ देविना तथा सुश्री अंजना ने मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से एक अंतर्विभागीय गतिविधि के आयोजन पर विशेष चर्चा की। 'आधुनिक हिंदी कहानियों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण' विषयक इस संगोष्ठी में हिंदी विभाग की बी.ए. तथा बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्राओं को उनके पाठ्यक्रम के तहत निर्धारित कहानियों पर मनोविज्ञान की दृष्टि से कहानियों को समझने और उनका ज्ञानवर्धन करने हेतु आमंत्रित करने की योजना बनायी गयी। दोनों प्राध्यापिकाओं की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि संगोष्ठी दिनांक 12 मार्च 2022 को प्रातः 9.30 से महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का बीज वक्तव्य डॉ. देविना अक्षयवर देंगी तथा मंच का संचालन एवं कार्यक्रम का समापन सुश्री अंजना देवी करेंगी। मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री मोहित कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा सुश्री जागृति विशेष वक्ता के रूप में छात्राओं से कहानियों पर विशेष चर्चा करते हुए छात्राओं की जिज्ञासाओं को सम्बोधित करेंगी। चूंकि इस संगोष्ठी में छात्राओं के बीच अधिकतर विचार-विमर्श कराने का ध्येय रहा है, इसलिए हिंदी तथा मनोविज्ञान की छात्राएँ कहानियों का पूर्वपाठ करके आएँगी। संगोष्ठी में हिंदी की कुछ छात्राएँ बारी - बारी से कहानियों का सार प्रस्तुत करेंगी तथा मनोविज्ञान की छात्राएँ उन कहानियों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करेंगी। अंत में छात्राओं के प्रश्नों का जवाब विशेष वक्ताओं द्वारा दिया जाएगा जहाँ श्री मोहित अपना अध्यक्षीय वक्तव्य देंगे।

**ग्यारहवीं बैठक का कार्यवृत्त**:

- सुश्री अंजना देवी ने छात्राओं को संगोष्ठी के बारे में अवगत कराया तथा उन्हें आमंत्रित किया
- डॉ देविना ने मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापकों को विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित किया।
- दोनों प्राध्यापिकाओं ने कार्यक्रम का प्रारूप तैयार किया।